**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 01.05.2025**

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में एसओजी/सर्विलासं एवं कोतवाली कालपी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण कर घटना से सम्बन्धित 05 अन्तर्जनपदीय अभियुक्तगण को चोरी की 28 अदद बोरी मटर, 01 अदद पिकअप गाड़ी व 02 अदद तमन्चा मय कारतूस के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।**

दिनांक 22/23.04.2025 की रात्रि को थाना कोतवाली कालपी क्षेत्रान्तर्गत गल्ला मण्डी स्थित गोदाम में रखी हुई मटर की बोरियां अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ले जाने के सम्बन्ध में योगेन्द्र सिंह उर्फ नीटू पुत्र वीरेन्द्र सिंह निवासी भैरो मार्केट टरननगंज कस्बा व थाना कालपी जनपद जालौन की लिखित तहरीरी के आधार पर कोतवाली कालपी में मु0अ0सं0 94/2025 धारा 331(4)/305 बीएनएस पंजीकृत किया गया था।

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा घटना के सफल अनावरण हेतु थाना प्रभारी कालपी को निर्देशित किया गया था। जिसके क्रम में दिनांक 01.05.2025 को एसओजी/सर्विलांस व कोतवाली कालपी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर/वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी एवं चैकिंग के दौरान मुखबिर की सटीक सूचना पर इमलिया खुर्द जाने वाले रास्ते से 05 अभियुक्तगण को 28 अदद बोरी मटर, 01 अदद पिकअप व 02 अदद तमन्चा मय कारतूस के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

अभियुक्तगण से माल बरामदगी के सम्बन्ध में कोतवाली कालपी में पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस व धारा 3/25 आयुध अधिनियम की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की गयी है।

**अभियुक्तगण का विवरण-**

1. प्रदीप उर्फ पेठा उर्फ नरेश पुत्र स्व0 अमरलाल नि0 ग्राम झींझक मुण्डेरा किन्नर सिंह थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात उम्र 35 वर्ष।
2. आमिर पुत्र यूनुस खाँ नि0 ग्राम झींझक मुण्डेरा किन्नर सिंह थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात उम्र 22 वर्ष।
3. आशीष पुत्र स्व0 बंसलाल नि0 ग्राम भडावल थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात उम्र 30 वर्ष।
4. अनुज उर्फ अनूप पुत्र स्व0 अमरलाल नि0 ग्राम झींझक मुण्डेरा किन्नर सिंह थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात उम्र 22 वर्ष।
5. विक्की पुत्र स्व0 सतीश नि0 ग्राम सिवरावां थाना महोली जनपद सीतापुर उम्र 30 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण-**

1. 28 अदद कट्टा बोरी सूखी हरी मटर चोरी की
2. 01 अदद पिकअप यूपी-77 बीएन 0511
3. 02 अदद तमन्चा मय कारतूस

**पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्र0नि0 कोतवाली कालपी मय टीम।
2. प्रभारी एसओजी मय टीम
3. प्रभारी सर्विलासं मय टीम